## NATIONAL SERVICE SCHEME
## SHRI LAL BAHADUR SHASTRI DEGREE COLLEGE, GONDA
## 2021-22



**Prof. Ravindra Kumar**
Principal/Patron



**Dr. Shiv Sharan Shukla**
Senior Program Officer



**Dr. Rekha Sharma**
Program Officer



**Dr. Lohans Kumar Kalyani**
Program Officer



**Dr. Avdhesh Kumar Verma**
Program Officer

लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय, गोण्डा
राष्ट्रीय सेवा योजना
सत्र 2021–22 के सामान्य (नियमित) कार्यक्रम की रिपोर्ट

सत्र 2021–22 प्रारम्भ हुआ। विश्वविद्यालयीय परीक्षा का परिणाम घोषित होने के पश्चात प्रवेशित महाविद्यालय के कला, वाणिज्य, एवं विज्ञान संकाय के स्नातक एवं परास्नातक स्तर के छात्र/छात्राओं ने राष्ट्रीय सेवा योजना का पंजीकरण फार्म भर कर प्रवेश हेतु आवेदन किया। प्राप्त आवेदनों की जांच के प्रश्चात साक्षात्कार के उपरान्त प्रथम इकाई, द्वितीय इकाई, तृतीय इकाई एवं चतुर्थ इकाई हेतु सौ–सौ (100–100) छात्र/छात्राओं का चयन किया गया। इस प्रकार कुल 100X4=400 छात्र/छात्राओं का चयन किया गया।

यह सर्वविदित है कि राष्ट्रीय सेवा योजना का उद्देश्य राष्ट्र सेवा ही है। राष्ट्र सेवा के लिए भारत सरकार द्वारा चलाये जा रहें विभिन्न अभियानों को राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवियों द्वारा प्रचार–प्रसार एवं जागरूकता फैलाना है। स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत का सन्देश देने के लिए स्वच्छता कार्यक्रम चलाना, महाविद्यालय प्रांगण की साफ–सफाई, चयनित गाँव की मलिन बस्तियों में जाकर स्वच्छता की अलख जगाना, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओं का सन्देश देने के लिए बालिका शिक्षा पर बल देना तथा कन्या **भ्रूण हत्या** का विरोध करना, महिला सशक्तिकरण के लिए बालिका शिक्षा पर प्रकाश डालना व निबन्ध प्रतियोगिता कराना, भारत सरकार की अति महत्वाकांक्षी योजना सुकन्या समृद्धि योजना के बारे में ग्रामीणों को बताना तथा आयुष्मान भारत योजना के लाभ के बारे में ग्रामीण अंचल के लोगों को बताना और उज्ज्वला योजना के बारे में भी लोगों को जानकारी देना तथा मतदान के लिए भी लोगों को जागरूक करना एवं अन्य अनेक प्रकार की जानकारी देना, राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवियों के लिए आवश्यक बताया गया। ग्रामीण बेरोजगार युवकों के लिए मुद्रा योजना का लाभ लेने के लिए भी जागरूक करने के लिए बताया गया तथा स्वरोजगार के लिए प्रेरित किया गया।

01 दिसम्बर, 2021 को 3 घण्टे तक महाविद्यालय परिसर एवं आस–पास की सफाई करायी गयी। इस प्रकार राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवियों ने स्वच्छता एवं स्वास्थ्य के परस्पर सम्बन्ध को सराहा।

04 दिसम्बर, 2021 को चयनित सभी छात्र/छात्राओं ने महाविद्यालय में स्वच्छता एवं साफ–सफाई पर एक गोष्ठी का आयोजन किया, जिसमें आस–पास का बदलता परिवेश भी गोष्ठी का मुख्य विषय रहा। इस संदर्भ में स्वयंसेवियों ने अपने विचार व्यक्त किये तथा आपस में विचारों का आदान–प्रदान भी किया।




05 दिसम्बर, 2021 को सभी स्वयंसेवियों ने चयनित बेनीनगर, पण्डितपुरवा, चमनपुरवा एवं मिश्रौलिया गाँव जाकर 4 घण्टे तक बागवानी करके पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षारोपण के महत्व को सराहा। उन्होंने ग्रामीणों को यह भी सन्देश दिया कि वृक्षारोपण का महत्व हमारे जीवन में बहुत अधिक हैं और वृक्ष काटने से हमारे पर्यावरण को काफी नुकसान होता है। अतः वृक्षारोपण एवं उनके संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला गया।

IQAC

Principal
Shri Lal Bahadur Shastri Degree College
Gonda

09 दिसम्बर, 2021 को 3 घण्टे का समय शिविरार्थियों को दिया गया, जिसमें कार्यक्रमाधिकारी एवं महाविद्यालय के अधिकांश प्राध्यापक की उपस्थिति में खेती के बारे में भी चर्चा की गयी तथा विचारों का आदान–प्रदान हुआ। इस बात पर विशेष बल दिया गया कि भारत कृषि प्रधान देश है। अतः कृषि कार्य में निपुणता सभी से अपेक्षित है।



11 दिसम्बर, 2021 को स्वयंसेवियों ने महाविद्यालय के विज्ञान परिसर की साफ–सफाई का कार्य पूर्ण मनोयोग से 4 घण्टे तक किया।

12 दिसम्बर, 2021 को राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों ने एक क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया, जो उनके ज्ञान वर्धन के लिए अत्यन्त महत्वपूर्ण रहा। क्विज प्रतियोगिता के विषय भी राष्ट्रीय सेवा योजना से सम्बन्धित थे।

14 दिसम्बर, 2021 को पुनः शिविरार्थियों ने अपने चयनित ग्राम मिश्रौलिया, पण्डितपुरवा, बेनीनगर एवं चमनपुरवा जाकर पल्सपोलियो अभियान की रैली निकाली और ग्रामीणों को पल्सपोलियों अभियान के माध्यम से पोलियो ड्रॉप पिलाने की आवश्यकता एवं महत्व पर प्रकाश डाला, जिससे कि ग्रामीण जनता अपने बच्चों के स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहें।

16 दिसम्बर, 2021 को 4 घण्टे का समय पुनः मिश्रौलिया, बेनीनगर, चमनपुरवा एवं पण्डित पुरवा ग्रॉंव में शिविरार्थियों ने दिया और स्वच्छता अभियान चलाकर नालियों एवं मलिन बस्तियों की साफ–सफाई की। उन्हें देखकर कुछ ग्रामीण महिला–पुरूषों ने भी अपने आस–पास साफ–सफाई का काम किया। इस प्रकार देखा गया कि यदि शिक्षित लोग साफ–सफाई के प्रति जागरूक होते हुए प्रतीकात्मक रूप में भी समाज सेवा करते है तो अशिक्षित एवं लापरवाह लोग भी उनका अनुकरण करके अपने आस–पास की गन्दगी को दूर करने के प्रति सजग एवं जागरूक रहेंगे।

18 दिसम्बर, 2021 को चयनित ग्राम पण्डितपुरवा, बेनीनगर, चमनपुरवा तथा मिश्रौलिया में स्वयं सेवकों ने एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया जिसका उपदेश ग्रामीणों में मतदान के प्रति जागरूकता पैदा करना था, इसके लिए पूरे गाँव में छात्र/छात्राओं ने बैनर–पोस्टर लेकर मतदाता जागरूकता रैली निकाली साथ ही ग्रामीण महिला–पुरुषों को कृषि के लिए आवश्यक फर्टीलाइजर के बारे में जानकारी दी। ग्रामीणों को बताया गया कि बहुत अधिक मात्रा में रासायनिक खादों का प्रयोग न करके बल्कि कम्पोस्ट खाद एवं बायो खाद का प्रयोग करें, जिससे कि कृषि योग्य जमीन की उर्वरा क्षीण न हो। ग्रामीणों ने भी राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र/छात्राओं के विचार ध्यानपूर्वक सुना और कृषि को उन्नत करने का संकल्प लिया।

SHRI LAL BAHADUR SHASTRI DEGREE COLLEGE GONDA * IQAC

Principal
Shri Lal Bahadur Shastri Degree College
Gonda




19 दिसम्बर, 2021 को स्वयंसेवियों ने विज्ञान परिसर जाकर वहाँ स्वच्छता अभियान चलाया एवं वृक्षारोपण का कार्य किया। इस प्रकार 4 घण्टे का समय पर्यावरण सुरक्षा के लिए दिया।

21 दिसम्बर, 2021 को 4 घण्टे का समय महाविद्यालय परिसर में ही निबन्ध प्रतियोगिता के लिए दिया गया, जिसके शीर्षक भारत सरकार द्वारा चलायी जा रही महत्वाकांक्षी योजनाएं थी। छात्र/छात्राओं ने अपने अनेकों उत्कृष्ट विचार निबन्ध प्रतियोगिताओं के माध्यम से व्यक्त किया। इन प्रतियोगिताओं से यह भी आकलन कर लिया जाता है कि स्वयंसेवियों के विचार समाज में भी पहुँचते रहें तो पूरा सामाजिक परिवेश बदला जा सकता है और एक विकसित राष्ट्र का निर्माण हो सकता है।

02 जनवरी, 2022 को चयनित ग्रॉव बेनीनगर, चमनपुरवा, मिश्रौलिया एवं पण्डितपुरवा जाकर स्वयंसेवियों ने 4 घण्टे तक ग्रामीणों के बीच में प्राथमिक चिकित्सा हेतु विभिन्न उपायों के बारे में जानकारी दी। कोई भी दुर्घटना होने पर अज्ञानता वश ग्रामीण महिला–पुरूष प्राथमिक चिकित्सा के उपाय से अनभिज्ञ होने के कारण अपनी जान जोखिम में डाल देते है इसलिए उन्हें प्राथमिक उपचार के बारे में ज्ञान देकर छात्रों ने उत्कृष्ट ज्ञान दिया, जो सराहनीय रहा।

04 जनवरी, 2022 को भी स्वयंसेवियों ने अपने चयनित गाँव मिश्रौलिया, चमनपुरवा, बेनीनगर एवं पण्डितपुरवा में ही जाकर ग्रामीणों को नव वर्ष की शुभकामनाएं दी एवं उन्हें कृषि से सम्बन्धित बर्मी कम्पोस्ट के बारे में जानकारी दी जोकि उनके कृषि व्यवसाय के लिए अत्यन्त उपयोगी एवं महत्वपूर्ण है।

06 जनवरी, 2022 को छात्र/छात्राओं ने महाविद्यालय परिसर में 3 घण्टे का समय पोस्टर प्रतियोगिता में लगाया जिससे उनकी विभिन्न प्रकार की सृजनशीलता एवं विशिष्टता का प्रदर्शन हुआ। इससे ज्ञात हुआ कि हमारे छात्र/छात्राएं विशिष्ट प्रतिभाओं के धनी भी है, जो पोस्टर प्रतियोगिता के माध्यम से प्रदर्शित हुआ।

Principal
Shri Lal Bahadur Shastri Degree College
Gonda



08 जनवरी, 2022 को महाविद्यालय परिसर में 3 घण्टे का समय गीत–गजल प्रतियोगिता में दिया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया और गायन एवं संगीत के प्रति उनकी रूझान देखी गयी। ऐसे आयोजनों से छात्र/छात्राओं में बहुमुखी प्रतिभा का विकास होता है तथा उनके जीवन में नीरसता एवं निराशा दूर होती है अतः व्यक्तित्व विकास में संगीत एवं गायन का भी अपना महत्व होता है।

09 जनवरी, 2022 को छात्र/छात्राओं ने बेनीनगर, मिश्रौलिया, पण्डितपुरवा एवं चमनपुरवा गाँव में 3 घण्टे तक आशु भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया, जिससे उनके विचार अभिव्यक्ति का लाभ ग्रामीणों को भी मिला और संकोच करने वाले स्वयंसेवियों में भी कुछ बोलने के लिए उत्साहवर्धन किया गया।




10 जनवरी, 2022 को पुनः उसी गाँव में छात्रों द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया जिससे कि ग्रामीणों में लगातार स्वच्छता के प्रति अभिरूचि बनी रहें और वे निरोगी रहें।

11 जनवरी, 2022 को स्वयंसेवियों ने मुख्य परिसर लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय में 3 घण्टे तक समय साफ–सफाई का कार्य किया और परिसर को हमेशा साफ रखने का संकल्प लिया एवं शास्त्री जी की पुण्यतिथि पर सर्वधर्म समभाव, हवन पूजन आदि में सहभागिता की।

12 जनवरी, 2022 को चयनित गाँव जाकर 8 घण्टे का समय एक दिवसीय शिविर के रूप में लगाया, जिसका उद्देश्य वृक्षारोपण कार्यक्रम चलाना था। ग्रामीणों को भी वृक्षारोपण का महत्व बताया कि वे इस प्रकार



08 जनवरी, 2022 को महाविद्यालय परिसर में 3 घण्टे का समय गीत–गजल प्रतियोगिता में दिया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया और गायन एवं संगीत के प्रति उनकी रूझान देखी गयी। ऐसे आयोजनों से छात्र/छात्राओं में बहुमुखी प्रतिभा का विकास होता है तथा उनके जीवन में नीरसता एवं निराशा दूर होती है अतः व्यक्तित्व विकास में संगीत एवं गायन का भी अपना महत्व होता है।

09 जनवरी, 2022 को छात्र/छात्राओं ने बेनीनगर, मिश्रौलिया, पण्डितपुरवा एवं चमनपुरवा गाँव में 3 घण्टे तक आशु भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया, जिससे उनके विचार अभिव्यक्ति का लाभ ग्रामीणों को भी मिला और संकोच करने वाले स्वयंसेवियों में भी कुछ बोलने के लिए उत्साहवर्धन किया गया।




10 जनवरी, 2022 को पुनः उसी गाँव में छात्रों द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया जिससे कि ग्रामीणों में लगातार स्वच्छता के प्रति अभिरूचि बनी रहें और वे निरोगी रहें।

11 जनवरी, 2022 को स्वयंसेवियों ने मुख्य परिसर लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय में 3 घण्टे तक समय साफ–सफाई का कार्य किया और परिसर को हमेशा साफ रखने का संकल्प लिया एवं शास्त्री जी की पुण्यतिथि पर सर्वधर्म समभाव, हवन पूजन आदि में सहभागिता की।

12 जनवरी, 2022 को चयनित गाँव जाकर 8 घण्टे का समय एक दिवसीय शिविर के रूप में लगाया, जिसका उद्देश्य वृक्षारोपण कार्यक्रम चलाना था। ग्रामीणों को भी वृक्षारोपण का महत्व बताया कि वे इस प्रकार

से अधिक से अधिक पौधे लगाकर अपने भावी पीढ़ी को अच्छा पर्यावरण दे सकते है। वृक्षारोपण के पश्चात उनके संरक्षण के लिए संकल्प लिया गया। राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर युवकों को राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरित किया गया।

14 जनवरी, 2022 को मिश्रौलिया गाँव जाकर छात्रों ने 3 घण्टे ग्रामीणों में नशा मुक्ति के लिए जानकारी दी। उनको इस बात से अवगत कराया कि नशा हमारे स्वास्थ्य के लिए कितना खतरनाक है तथा हमारी आर्थिक स्थिति भी चरमरा जाती है। यह गरीबों को और गरीब बनाती है तथा नशे का शिकार व्यक्ति अपने परिवार के पालन–पोषण एवं शिक्षा–दीक्षा में असफल रहता है। युवकों को नशा मुक्त भारत अभियान चलाने के लिए प्रेरित किया गया।

15 जनवरी, 2022 राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र/छात्रों ने महाविद्यालय के मुख्य परिसर में आकर साफ–सफाई की व वृहद स्वच्छता अभियान चलाया। इस आयोजन में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेविकों ने भी सहभागिता की।



18 जनवरी, 2022 को 4 घण्टे का समय चयनित ग्राम मिश्रौलिया, बेनीनगर, चमनपुरवा एवं पण्डित पुरवा को दिया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवियों ने पर्यावरण जागरूकता अभियान चलाया जिसमें उस गाँव के ग्रामीणों ने भी बढ़–चढ़ कर भाग लिया एवं छात्रों ने उन्हें पर्यावरण सुरक्षित करने के लिए जागरूक किया।

20 जनवरी, 2022 को छात्र/छात्राओं ने पुनः चयनित गाँव जाकर लगभग 3 घण्टे नुक्कड़ नाटक का मंचन किया तथा नाटक के माध्यम से तमाम सामाजिक कुरीतियों एवं बुराईयों पर व्यंगात्मक प्रहार किया और यह भी संदेश देने का प्रयास किया कि अच्छी शिक्षा लेकर प्रत्येक नागरिक तमाम सामाजिक बुराईयों कुरीतियों एवं अंधविश्वास से मुक्त होकर अपने अन्दर एक तर्कसंगत विचार एव वैज्ञानिक प्रवृत्ति पैदा करता है। उसकी सोच में वैज्ञानिकता का संचार होता है और जीवन सुखमय बनता है।

21 जनवरी, 2022 को छात्र/छात्राओं ने चयनित गाँव जाकर 4 घण्टे तक लिंक मार्ग की साफ–सफाई की, जिससे कि ग्रामीणों का आना–जाना सुगम हो सकें। छात्रों ने सम्पर्क मार्ग की सफाई करके ग्रामीणों को यह सोचने के लिए विवश कर दिया कि जब शिक्षित विद्यार्थी बिना स्वार्थ के दूसरे गाँव की साफ–सफाई कर सकते है तो जिन ग्रामीणों को आवश्यकता है वे भी यह कार्य कर सकते हैं।

22 जनवरी, 2022 को स्वयंसेवियों द्वारा चयनित ग्राम जाकर ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण कार्यक्रम चलाया जिससे कि वे स्वास्थ्य से सम्बन्धित समस्याओं का निराकरण समय रहते कर लें और अपना जीवन निरोगी बनाये रखें क्योंकि बिना स्वास्थ्य परीक्षण के वे अचानक कभी भीषण बीमारी का शिकार हो सकते है। इसलिए समय रहते स्वास्थ्य परीक्षण करा लेना उनके लिए हितकर होगा।

2015




23 जनवरी, 2022 को 2 घण्टे का कार्यक्रम चयनित ग्राम के लिए पुनः रखा गया तथा विशेषज्ञ डॉक्टर के द्वारा ग्रामीणों को एड्स रोग से बचाव से सम्बन्धित सुझाव दिये गये। अनभिज्ञ ग्रामीण असुरक्षित यौन सम्बन्ध व संक्रमित व्यक्ति को लगी हुई सुई के इस्तेमाल करके कभी–कभी इस भयानक जानलेवा बीमारी का शिकार हो जाते है अतः उन्हें सुरक्षित जीवन सम्बन्ध एवं दाम्पत्य जीवन के लिए प्रेरित किया गया।

25 जनवरी, 2022 को राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र/छात्राओं ने महाविद्यालय परिसर में ही इक्ट्ठा होकर 3 घण्टे का समय निबन्ध प्रतियोगिता के लगाया, जिसका शीर्षक था लोकतन्त्र के विकास में युवाओं की भूमिका। निबन्ध प्रतियोगिता बहुत रूचिकर रहीं तथा युवाओं से सम्बन्धित थी इसलिए युवकों ने लोकतान्त्रिक विचारों पर एवं लोकतन्त्र की महत्ता को समझते हुए अपने विचार जोरदार ढंग से रखे। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रमाधिकारियों के साथ–साथ महाविद्यालय के डॉ० मंशा राम वर्मा एवं डॉ० राम समुझ सिंह ने निर्णायक की भूमिका निभाई, जिसमें अच्छे छात्रों में से प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वाले छात्रों को पुरस्कृत किया गया।

02 फरवरी, 2022 को राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों ने विज्ञान परिसर जाकर 3 घण्टे तक पहले से ही जो पौधा रोपण हो चुके थे उनके संरक्षण एवं निकाई, गुणाई तथा सिंचाई का कार्य किया।

04 फरवरी, 2022 को स्वयं सेवकों ने महाविद्यालय के मुख्य परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया, जिससे की राष्ट्रीय युवा सप्ताह की सार्थकता देखी गयी।

05 फरवरी, 2022 को महाविद्यालय परिसर में वृक्षों में चूना व गेरू से पुताई की गयी तथा पहले से लगे हुए वृक्षों को कीड़े–मकोड़ों से बचाने के लिए कुछ उपचारात्मक प्रयास किये गये तथा परिसर की स्वच्छता अभियान चलाया गया।

08 फरवरी, 2022 को स्वयं सेवकों ने पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया, जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया और अपनी सृजनात्मकता एवं सौन्दर्य बोध का प्रदर्शन किया। कुछ विद्यार्थियों ने तो बहुत ही सुन्दर एवं आकर्षक पोस्टर तैयार किये उनमें से प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वाले को चयनित किया गया, जिसका उद्देश्य प्रतिभागियों में स्वस्थ प्रतिस्पर्द्धा का भाव जागृत हो।

10 फरवरी, 2022 को महाविद्यालय परिसर में 3 घण्टे का कार्यक्रम वाद–विवाद एवं भाषण प्रतियोगिता के लिए रखा गया। जिनके शीर्षक 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओं', 'सुकन्या समृद्धि योजना' एवं 'नारी सशक्तिकरण' तथा 'शिक्षा' रहा।




12 फरवरी, 2022 को गोण्डा शहर के प्रमुख चौराहों पर 4 घण्टे का कार्यक्रम नुक्कड़ नाटक के लिए रहा। इसके माध्यम से छात्रों ने साफ–सफाई के बारे में लोगों को जागरूक किया तथा बालिका शिक्षा के लिए भी लोगों को प्रेरित किया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से समाज ने फैली कुरीतियाँ एवं बुराईयों पर भी कटाक्ष किया और सिद्ध किया की हमें अपने सामाजिक जीवन में वैज्ञानिक चेतना एवं सोच रखनी चाहिए तभी हम अपने जीवन में गुणवक्ता ला सकते है और समाज एवं राष्ट्र का विकास कर सकते है।

15 फरवरी, 2022 को लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय के छात्रों द्वारा अपने चयनित गाँव की पुनः साफ–सफाई की गयी और ग्रामीणों को पुनः याद दिलाया कि वे अपने सफाई के प्रति जागरूक रहें क्योंकि स्वच्छता उनके स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है। जागरूकता फैलाने के लिए छात्रों ने श्लोगन की वाल राईटिंग भी की।

17 फरवरी, 2022 को स्वयंसेवियों ने महाविद्यालय परिसर में 4 घण्टे का समय लिया जिसमें 'बेटी बचाओं–बेटी पढ़ाओं' शीर्षक पर निबन्ध एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस शीर्षक पर छात्र/छात्राओं के नारी शिक्षा के विकास पर बहुत ही सकारात्मक विचार आये, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि आज की पीढ़ी नारी सशक्तिकरण के लिए बेटियों की शिक्षा को महत्व देता है और वे वर्तमान युग में पुरुष प्रधान समाज के तमाम मिथक तोड़ देने के लिए तैयार रहना चाहिए।

20 फरवरी, 2022 को स्वयं सेवकों ने विज्ञान परिसर जाकर 4 घण्टे तक रंगोली प्रतियोगिता में प्रतिभागिता की तथा उसी दिन आशुभाषण प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया और छात्रों ने अपने नये–नये विचार तर्क संगत ढंग से प्रस्तुत किया।

22 फरवरी, 2022 को पुनः छात्रों द्वारा विज्ञान परिसर जाकर 'राष्ट्र निर्माण में युवाओं' की भूमिका शीर्षक पर निबन्ध प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया तथा अपने उत्कृष्ट विचार व्यक्त किये।

23 फरवरी, 2022 को राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवियों ने चयनित ग्राम मिश्रौलिया, पण्डितपुरवा, चमनपुरवा एवं बेनीनगर जाकर एक दिवसीय 8 घण्टे का शिविर का आयोजन किया। ग्रामीणों को साफ–सफाई का महत्व बताते हुए उस गाँव के लिंक मार्ग की मरम्मत की और उन्हें आवश्यकतानुसार अपने गाँव की समस्याओं के निराकरण के लिए बढ़चढ़ कर हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया।

24 फरवरी, 2022 को छात्रों ने महाविद्यालय परिसर में मतदान के महत्व को बताते हुए एक रैली निकाली जिससे महाविद्यालय के प्राचार्य ने झण्डी दिखाकर रवाना किया।

25 फरवरी, 2022 को मुख्य परिसर में राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्रों ने फावड़ा लेकर महाविद्यालय परिसर में लगे झाड़–झखाड़ की सफाई की तथा इधर–उधर फैले ईंट–कंकड़ को इकट्ठा करके स्वच्छता एवं सफाई का संदेश दिया।

01 मार्च, 2022 को राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवियों ने गाँधी पार्क जाकर 3 घण्टे तक साफ–सफाई की एवं तमाम राष्ट्रीय मुद्दों पर बैठकर चर्चा की। इस प्रकार विद्यार्थियों में राष्ट्रीय मुद्दों एंव राष्ट्रीय समस्याओं के समाधान के प्रति तत्परता दिखाई।




Principal
Shri Lal Bahadur Shastri Degree College
Gonda

(प्रो0 शिव शरण शुक्ल)
वरिष्ठ कार्यक्रमाधिकारी

SHRI LAL BAHADUR SHASTRI DEGREE COLLEGE GONDA
IQAC

25 फरवरी, 2022 को मुख्य परिसर में राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्रों ने फावड़ा लेकर महाविद्यालय परिसर में लगे झाड़–झखाड़ की सफाई की तथा इधर–उधर फैले ईंट–कंकड़ को इकट्ठा करके स्वच्छता एवं सफाई का संदेश दिया।

01 मार्च, 2022 को राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवियों ने गाँधी पार्क जाकर 3 घण्टे तक साफ–सफाई की एवं तमाम राष्ट्रीय मुद्दों पर बैठकर चर्चा की। इस प्रकार विद्यार्थियों में राष्ट्रीय मुद्दों एंव राष्ट्रीय समस्याओं के समाधान के प्रति तत्परता दिखाई।




Principal
Shri Lal Bahadur Shastri Degree College
Gonda

(प्रो0 शिव शरण शुक्ल)
वरिष्ठ कार्यक्रमाधिकारी

SHRI LAL BAHADUR SHASTRI DEGREE COLLEGE GONDA
IQAC